केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/247 — दिनांक: 16.08.2017

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00240
CICOM/R/2017/00892

अपीलकर्ता : श्री अवधेश चन्द्र भारतिया,
172, नयापुरा, स्टेनली रोड,
जिला – इलाहाबाद,
उत्तर प्रदेश ।

निर्णय की तारीख : 16.08.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 14.07.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 24.07.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. शर्मा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 04.08.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 155425/09.08.2017 |

1. अपीलकर्ता ने दिनांक 14.07.2017 को आर.टी.आई. आवेदन दाखिल कर भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लि0, इलाहाबाद द्वारा एरियर का भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित सूचना मांगी थी, जिसका प्रतिउत्तर में श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 24.07.2017 को दिया गया था । अपीलककर्ता ने प्रथम अपील आवेदन के साथ श्री ए. के. शर्मा द्वारा प्रदान की गई सूचना की प्रति संलग्न करते हुए पुनः उल्लेख किया है कि भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लि0, इलाहाबाद द्वारा एरियर का भुगतान नहीं किया गया है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 05.07.2017 को संचिका सं. CICOM/R/2017/00753 एवं दिनांक 24.07.2017 को संचिका सं. CICOM/R/2017/00892 के माध्यम से अपीलकर्ता को दो बार अपील करने की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया है । परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलकर्ता ने उक्त कार्यालय में प्रथम अपील दाखिल नहीं किया है । अतः अपीलकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि श्री ए. के. शर्मा द्वारा प्रदान की गई सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें एवं बताई गई प्रक्रिया का अनुपालन करें ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
17 AUG 2017
D. No.
Initials